अद्यतन किया गया / Updated on 03-05-25

# स्किल्लिंग इंजीनियर्स फॉर प्रोफेशनल सक्सेस

भारत में 6000 इंजीनियरिंग कॉलेज और 4000 से अधिक प्रबंधन कॉलेज हैं और अनुमान है कि लगभग 15 लाख इंजीनियरिंग छात्र हर साल नौकरी बाजार में प्रवेश करते हैं। उपलब्ध नौकरियों के अवसरों की जागरूकता की कमी के कारण, इंजीनियरिंग और प्रबंधन डिग्री वाले छात्र या तो नौकरी के प्रकार पर समझौता करते हैं या वे अच्छी नौकरियों की तलाश में अन्य देशों को स्थानांतरित हो जाते हैं। देश में सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध विकल्पों पर छात्रों को मार्गदर्शन करने के लिए, इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपना स्वयं का स्टार्ट-अप होने के साथ-साथ उन्हें रेलवे विभाग इंजीनियरिंग या प्रबंधन अनुशासन कैसे संचालित करता है, इस बारे में परिचित कराने के लिए, कोंकण रेलवे इन छात्रों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजीत करता है ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को "स्किल्लिंग इंजीनियर्स फॉर प्रोफेशनल सक्सेस" के नाम से जाना जाता है, जिसे लोकप्रिय रूप से SEPS (सेप्स) कार्यक्रम कहा जाता है। यह कार्यक्रम एक सप्ताह की अवधि का है और यह सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, और कंप्यूटर इंजीनियरिंग विषयों के इंजीनियरिंग छात्रों के लिए और प्रबंधन छात्रों के लिए भी है। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे में विभिन्न प्रबंधन से संबंधित और इंजीनियरिंग धाराओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है और छात्रों को नवीनतम तकनीकों और वास्तविक तौर पर काम करने के लिए अनुकूल बनाया गया है। इस कार्यक्रम में अनुभवी फील्ड विशेषज्ञ सत्र लेते हैं। कार्यक्रम छात्रों को सैद्धांतिक स्तर से परे ले जाता है।

इस कार्यक्रम में मडगांव में स्थित कोकण रेलवे की प्रशिक्षण अकादमी में 5 दिन का कक्षा प्रशिक्षण एवं फील्ड प्रशिक्षण के लिए अतिरिक्त दो दिन शामिल हैं। फील्ड प्रशिक्षण या तो कोंकण रेलवे मार्ग पर या उसके जम्मू-कश्मीर में चल रहे प्रकल्प में दिया जाता है। कोंकण रेलवे मार्ग पर फील्ड प्रशिक्षण का दौरा दो दिनों का है और यदि छात्र जम्मू-कश्मीर राज्य में चेनाब नदी में केआरसीएल के कार्यस्थल पर जाने में रुचि रखते हैं, तो फील्ड प्रशिक्षण की अवधि 6 दिन है। कार्यक्रम के बाद, छात्र पारस्परिक समझौते के आधार पर 15 दिनों से 2 महीने तक केआरसीएल में विभिन्न विभागों / स्थानों पर नि:शुल्क इंटर्नशिप कर सकते हैं। कार्यक्रम और इंटर्नशिप के अंत में छात्रों को कोंकण रेलवे से एक प्रमाणपत्र भी दिया जाता है।

आगे के प्रश्नों और पंजीकरण के लिए कृपया 09004476215 या 09004476017 पर कॉल करें या **dgm-trg@krcl.co.in** पर ईमेल करें।

************